प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

01. पटना उच्च न्यायालय ने पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण पचास से बढ़ाकर पैंसठ प्रतिशत करने के राज्य सरकार के फैसले को रद्द किया।

02. उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– राज्य सरकार पटना उच्च न्यायालय के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी।

03. केन्द्र सरकार ने परीक्षा में विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए यूजीसी–नेट परीक्षा दो हजार चौबीस रद्द की। सी.बी.आई. जांच के आदेश भी दिए।

04. और, प्रदेश के मौसम में हुआ बदलाव। अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कई जगहों पर तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना।

---

पटना उच्च न्यायालय ने बिहार में सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में पिछड़ा वर्ग, अति– पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण पचास से बढ़ाकर पैंसठ प्रतिशत करने के राज्य सरकार के फैसले को रद्द कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति हरीश कुमार की खंडपीठ ने आरक्षण बढ़ाने की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई के बाद इस साल ग्यारह मार्च को फैसला सुरक्षित रख लिया था। विधानमंडल में आरक्षण की सीमा बढ़ाने से संबंधित विधेयक पारित होने के बाद, राज्य सरकार ने पिछले साल नवंबर में संबंधित अधिनियमों को अधिसूचित किया था। इसका उद्देश्य सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण कोटा पचास प्रतिशत से बढ़ाकर पैंसठ प्रतिशत करना था। आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए मौजूदा दस प्रतिशत कोटा के साथ राज्य में कुल आरक्षण सीमा बढ़ाकर पचहत्तर प्रतिशत कर दी गई थी। इधर, याचिकाकर्ता गौरव कुमार ने बताया कि न्यायालय ने कहा है कि राज्य सरकार का यह फैसला संविधान के अनुच्छेद सोलह– एक और अनुच्छेद पन्द्रह–एक का उल्लंघन है।

–––बाईट–––

---

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि पटना हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जायेगी। श्री चौधरी ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुये कहा कि जातीय जनगणना के आधार पर आरक्षण की सीमा को बढ़ाया गया था।

———बाईट———

————————————————————————————————————

शिक्षा मंत्रालय ने पटना में नीट–यूजी परीक्षा दो हजार चौबीस के आयोजन में कथित अनियमितताओं पर बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ग्रेस मार्क्स से संबंधित मुद्दे को पहले ही पूरी तरह से निपटाया जा चुका है। मंत्रालय ने कहा कि परीक्षा में अनियमितताओं में संलिप्त किसी भी व्यक्ति या संगठन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

————————————————————————————————————

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण–एन एच ए आई ने आज मीडिया की उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया, जिनमें दावा किया गया था कि नीट पेपर लीक मामले से संबंधित आरोपी पटना में उसके गेस्ट हाउस में रुके थे। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की नोडल एजेंसी एन एच ए आई ने स्पष्ट किया है कि उसके पास पटना में कोई गेस्ट हाउस सुविधा नहीं है।

————————————————————————————————————

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज आरोप लगाया कि नीट प्रश्न पत्र लीक मामले में मुख्य आरोपी सिकंदर यादवेंदु के लिए पटना के एनएचएआई गेस्ट हाउस में कमरा प्रीतम कुमार ने बुक कराया था। श्री सिन्हा ने आरोप लगाया कि प्रीतम कुमार पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव का निजी सचिव है।

———बाईट———

————————————————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों में कथित नीट–यूजी पेपर लीक से जुड़े लंबित मामलों की सुनवाई पर आज रोक लगा दी। नीट परीक्षा आयोजित करने वाली राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी –एन टी ए की स्थानांतरण याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली अवकाश पीठ ने ये रोक लगाई। सुनवाई के दौरान एन टी ए के वकील ने बताया कि पिछले सप्ताह सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इसी तरह की स्थानांतरण याचिका पर नोटिस जारी किये जाने के बावजूद विभिन्न उच्च न्यायालयों में नीट–यूजी परीक्षा में अनियमितताओं के कई मामलों पर सुनवाई हो रही है। सर्वोच्च न्यायालय में स्थानांतरण याचिकाओं और परीक्षा रद्द करने की मांग वाली याचिकाओं पर आठ जुलाई को सुनवाई होगी।

————————————————————————————————————

केन्द्र सरकार ने जून दो हजार चौबीस यूजीसी–नेट परीक्षा रद्द कर दी है। यह परीक्षा बाद में नए सिरे से आयोजित की जाएगी जिसकी जानकारी अलग से दी

जाएगी। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र द्वारा दी गई जानकारी के बाद यूजीसी–नेट परीक्षा रद्द की गई है क्योंकि परीक्षा की विश्वसनीयता से समझौता नहीं हो सकता। यह मामला गहन जांच के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपा जा रहा है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने अठारह जून को देश के विभिन्न शहरों में दो पालियों में यूजीसी–नेट परीक्षा आयोजित की थी। गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र की राष्ट्रीय साइबर अपराध विश्लेषण इकाई को कल परीक्षा में गड़बड़ी की कुछ जानकारी मिली थी जिसके बाद इसे रद्द कर दिया गया।

———————————————————————————

बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र बाईस जुलाई से शुरू हो रहा है। छब्बीस जुलाई तक चलने वाले इस सत्र के दौरान पांच बैठकें होंगी। सत्र के दौरान कई अहम विधेयकों को सदन के पटल पर रख जायेगा।

———————————————————————————

कल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। इस अवसर पर कल देश–विदेश में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल श्रीनगर में आयोजित होने वाले दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्रीनगर में विश्व विख्यात डल झील के किनारे स्थित शेर–ए–कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में कल योग कार्यक्रम में लगभग सात हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है। वहीं, प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सीमांत मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल, और चालीसवीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, पटना के संयुक्त प्रयास से राजधानी वाटिका में एक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने मुजफ्फरपुर, गया, दरभंगा और भागलपुर में मेट्रों निर्माण के लिए अपनी सैद्धांतिक सहमति दे दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि राज्य के हर पंचायत में खेल क्लब बनाने का निर्णय सरकार ने लिया है।

———बाईट———

एक अन्य फैसले में मंत्रिमंडल ने किसानों को राहत देते हुए राज्य सरकार ने डीजल अनुदान के लिए एक सौ पचास करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। अधिकतम आठ एकड़ जमीन के लिए डीजल अनुदान मिलेगा। मंत्रिमंडल ने पटना नगर निगम क्षेत्र में शहरी गरीबों के लिए बहुमंजिला ईमारत बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गयी। बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े बाईस एजेंडों पर भी सहमति दी गयी।

———————————————————————————————

प्रदेशभर के मौसम में बदलाव हुआ है। राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर देर रात रूक–रूक कर बारिश हुई। इससे लोगों को भीषण गर्मी से मामूली राहत मिली है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों किशगनंज, अररिया, पूर्णियां, सुपौल, सहरसा और मधेपुरा में कई स्थानों पर मूसलाधार बारिश हुई है। किशनगंज के ठाकुरगंज में सबसे अधिक दो सौ एक दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस.के. सुमन ने बताया कि राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कई जगहों पर तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना है।

———बाईट———

———————————————————————————————

नेपाल स्थित कोसी बराज से आज शाम छह बजे तक दो लाख चार हजार एक सौ पचहत्तर क्यूसेक पानी छोड़ा गया। पिछले कुछ दिनों से कोसी बराज से बढ़ते क्रम में पानी का डिस्चार्ज रिकॉर्ड किया जा रहा है जिससे निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। वहीं, सीमावर्ती क्षेत्र नेपाल के तराई क्षेत्रों में लगातार बारिश होने तथा पानी छोड़े जाने से अररिया जिले के पलासी और सिकटी प्रखंड क्षेत्र के बकरा और नूना सहित अन्य छोटी बड़ी नदी के जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रही है। जलस्तर बढ़ने से दर्जनों गांव के निचले इलाकों में पानी फैलने लगा है।

———————————————————————————————

रूपौली विधानसभा उप चुनाव के लिए कल नामांकन की अंतिम तिथि है। नामांकन पत्रों की जांच चौबीस जून को होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि छब्बीस जून निर्धारित की गयी है। अब तक जदयू के कलाधर मंडल, राजद की बीमा भारती और तीन निर्दलीय प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। मतदान दस जुलाई को होगा जबकि मतगणना तेरह जुलाई को होगी।

———————————————————————————————

बिहार विधान परिषद में विधानसभा कोटे की एक रिक्त सीट के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गयी है। इस सीट के लिए बारह जुलाई को मतदान होगा। चुनाव की अधिसूचना पच्चीस जून को जारी की जाएगी। दो जुलाई तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे। तीन जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच होगी और पांच जुलाई तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकते हैं। बारह जुलाई को मतदान के बाद उसी दिन मतों की गिनती की जाएगी। गौरतलब है कि यह सीट राजद के रामबली सिंह की सदस्यता समाप्त किये जाने के बाद से रिक्त है।

———————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर........

01. पटना उच्च न्यायालय ने पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण पचास से बढ़ाकर पैंसठ प्रतिशत करने के राज्य सरकार के फैसले को रद्द किया।

02. उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा– राज्य सरकार पटना उच्च न्यायालय के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी।

03. केन्द्र सरकार ने परीक्षा में विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए यूजीसी–नेट परीक्षा दो हजार चौबीस रद्द की। सी.बी.आई. जांच के आदेश भी दिए।

04. और, प्रदेश के मौसम में हुआ बदलाव। अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कई जगहों पर तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।